मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

E-mail

क्र./शिका./249-218/2023/मुख्यालय/387 भोपाल दिनांक01 /05/2023

-: परिपत्र :-

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्यालय कार्यालय तथा विभिन्न ऑचलिक कार्यालयों में बहुत अधिक संख्या में गुमनाम, अहस्ताक्षरित अथवा छदम नाम से विभिन्न अधिकारी/कर्मचारियों की शिकायतें प्रस्तुत की जा रही है तथा शिकायतकर्ता से संपर्क किये जाने के प्रयास में यह तथ्य स्पष्ट होता है कि या तो शिकायत में अंकित नाम पता त्रुटिपूर्ण है अथवा जिस व्यक्ति के नाम से शिकायत की जा रही उसके द्वारा शिकायत नहीं की गयी है।

भारत सरकार केन्द्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली द्वारा गुमनाम शिकायतों के संबंध में परिपत्र क्रमांक/12/09/20 दिनांक 24 सितम्बर 2020 एवं परिपत्र क्रमांक /98/डीएसपी/9 दिनांक 31 जनवरी 2002 एवं म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा परिपत्र, क्रमांक/एफ-11-14/2007/एक/9 दिनांक 25 अप्रैल 2007 तथा क्रमांक/एफ-11-40/2014/एक/9 दिनांक 20.11.2014 जारी किये गये है।

इस तरह के तथ्यहीन, गुमनाम, अहस्ताक्षरित शिकायत किये जाने से न सिर्फ योग्य निष्ठावान तथा परिश्रमी अधिकारी/कर्मचारियों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पडता है बल्कि इस तरह की शिकायतों की जांच में अनावश्यक श्रम तथा समय का भी अपव्यय होता है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि गुमनाम, अहस्ताक्षरित, बिना स्पष्ट पते अंकित अथवा छदम नाम से की गयी शिकायत पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से नस्तीबद्ध कर दी जाए। यह ध्यान रहे कि यदि शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम गोपनीय रखने को कहा जाए तो ऐसी स्थिति में शिकायतकर्ता के नाम को गोपनीय रखकर जांच की जा सकती है, परन्तु किसी भी स्थिति में शिकायतकर्ता अज्ञात नहीं होना चाहिये। शिकायत के प्रस्तुतीकरण के दौरान कोई गम्भीर तथ्यात्मक विवरण प्रकाश में आता है जिसका परीक्षण किया जाना आवश्यक हो तो जांच अधिकारी स्वप्रेरणा से मामले की जांच कर सकेगा।

28/04/23
(जी.व्ही. रश्मि)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./शिका./249-218/2023/मुख्यालय/ 384 भोपाल दिनांक 01 / 05/2023

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर संचालक (समस्त) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
2. मुख्य अभियंता, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
3. संयुक्त संचालक/उप संचालक (समस्त) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, ऑचलिक कार्यालय ....।
4. अधीक्षण यंत्री (समस्त) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
5. संयुक्त संचालक/उप/सहायक संचालक (समस्त) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
6. परिपत्र नस्ती।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल